दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास



### नव निर्वाचित पार्षद को दिलाई गई शपथ

**रायगढ़।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022-23 में वार्ड क्रमांक 27 के उप चुनाव में निर्वाचित प्रत्याशी सरिता राजेन्द्र ठाकुर को पार्षद पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर महापौर जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, पार्षद सुभाष पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा,

### 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आज

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी 2023 को कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया, कुलपति, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ मुख्य अतिथि होंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1.1.2023 के दौरान एवं विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के एक-एक बूथ लेवल अधिकारी तथा जिले के एक प्राध्यापक नोडल अधिकारी को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र तथा जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में नियुक्त 29 कैम्पस अम्बेसडरों साथ ही मतदाता दिवस कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाकर सम्मानित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त मतदातागणों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### सड़क दुर्घटना में हुई मृतक के वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** वार्ड नं.4 पठानपारा खरसिया, जिला-रायगढ़ निवासी सैयाफ शेख की 15 जून 2022 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया द्वारा मृतक के पिता अलीमुल्लाह शेख को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ में नर्सिंग होम एक्ट का संचालन प्रारंभ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवगठित जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ में नर्सिंग होम एक्ट का संचालन प्रारंभ हो गया है। जिन चिकित्सकों/निजी चिकित्सा संस्थानों का नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन नहीं हुआ है, वे अपना पंजीयन करायें। पंजीयन की प्रक्रिया ऑनलाईन होगी। साथ ही जिन चिकित्सकों/निजी चिकित्सा संस्थानों का नर्सिंग होम एक्ट के तहत पूर्व में पंजीयन अपूर्ण है या पूर्ववर्ती जिला में आवेदित है व पंजीयन प्राप्त नहीं हुआ है वे भी पंजीयन करायें। अथवा जिनका अस्थायी पंजीयन हुआ है वे स्थायी पंजीयन के लिए आवेदन करें। वे सभी निजी अस्पताल/क्लिनिक जिनका पूर्व में स्थायी पंजीयन हो चुका है, वे भी अपना समस्त दस्तावेज की प्रति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नर्सिंग होम एक्ट शाखा में जमा करायें।

# नौकरी लगाने के नाम पर 1549 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस लेकर ठगी करने वाले गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**❑ आरोपियों ने बजाज कंपनी में जॉब दिलाने के नाम पर शहर की युवतियों का करया रजिस्ट्रेशन और आफिस बंद कर हो गए फरार**

**❑ कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर एक आरोपी को भेजा रिमांड पर**

रायगढ़। कोतवाली पुलिस द्वारा जॉब इश्तिहार के जरिए प्रति कैंडिडेट 1549 रुपए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फीस लेकर ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी सज्जाद अंसारी निवासी बाजीनपाली थाना जूटमिल को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी के मामले में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी अपने साथी प्रेम कुम्हार (छद्म नाम) वास्तविक नाम- असलम निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के साथ मिलकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर जॉब का इश्तिहार चस्पा कर बेरोजगार युवतियों को जॉब के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस रु.1549 लेकर बजाज कंपनी का एक जॉइनिंग लेटर देकर ठगी किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर मामले की बारीकी से जांच पतासाजी कर आरोपियों का पता लगाया गया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर रायगढ़ में रहने वाली अंशु यादव पिता स्वर्गीय बाल मुकुंद यादव (25 साल) द्वारा 26 नवंबर 2022 को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीड़ित युवती बताई कि माह अक्टूबर 2022 में शहर के कई जगह जॉब के पोस्टर दिवाल, खंभो में चिपके हुए थे। पॉम्प्लेट देखकर जानकारी हुआ कि नगर निगम कॉम्प्लेक्स में कंपनी के एक ऑफिस में युवतियों को आफिस रिसेप्निस्ट के जॉब की भर्ती ली जा रही है। जहां जाकर इंटरव्यु दी और सलेक्ट हो गई। ऑफिस जाकर पता किये ऑफिस में एक व्यक्ति अपना नाम प्रेम कुम्हार बताया जो स्वयं को जियो लाइफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का होना बताया और रु.1549 लेकर बजाज कंपनी का एक जॉइनिंग लेटर दिया जिसमें सैलरी रु.16,500 लिखा हुआ था। इसके साथ इसकी 4 और सहेलियां भी नौकरी शुरू कर दी। प्रेम कुम्हार ने कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर सज्जाद अंसारी से मिलाया जो ऑफिस में आकर काम देखता था। इन्हें ट्रेनिंग में बतलाया गया था कि जॉब के नाम पर कॉलर को बजाज कंपनी के तरफ से बात करते हुए रजिस्ट्रेशन फीस 1549 रुपए लेने के ऑनलाइन स्कैनर भेजकर प्राप्त करना है। 1 महीने बाद प्रेम कुम्हार ऑफिस बंद कर भाग गया, पता चला कि वे कई लोगों से 1549 रुपए फीस लेकर ठगी किया है। जब इन्हें ठगी का पता चला कि उनके द्वारा दिया गया जॉइनिंग लेटर फर्जी है तो कोतवाली थाने में अपराध पंजीबद्ध कराये, आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्रमांक 1605/2022 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मामले में जांच दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा था, दोनों फरार थे। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से फरार आरोपी सज्जाद अंजारी के मुर्गी फार्म का व्यवसाय करना पता चला। आरोपी सज्जाद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने अपने साथी आरोपी प्रेम कुम्हार का असली नाम असलम अंसारी निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश का होना बताया तथा एक और साथी का फरमान बताया। आरोपी सज्जाद अंसारी पिता साहिद अंसारी 24 साल निवासी बाजीनपाली थाना जूटमिल, रायगढ़ को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक नंदु सारथी, हेमन पात्रे एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## गणतंत्र दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल करेंगे ध्वजारोहण

**❑ गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न**

**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल जिला मुख्यालय में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके पूर्व आज मंगलवार को गणतंत्र दिवस-2023 की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि को जिला पुलिस बल, नगर सेनानी, एनसीसी एवं स्काउट गाईड की टुकड़ियों सहित 10 प्लाटून द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जायेगा। तदुपरांत माननीय मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। जिसके पश्चात हर्ष फायर व मार्च पास्ट होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पांडे, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, एसडीएम गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, सहित लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अकोंकागुआ पर्वतारोहण अभियान में निकलेगी रायगढ़ की याशी

**❑ सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा व नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने तिरंगा सौंपकर जिला प्रशासन के ओर से दी शुभकामनाएं**

**❑ दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी है अकोंकागुआ**



**रायगढ़।** रायगढ़ शहर की पर्वतारोही सुश्री याशी जैन दक्षिण अमेरिका अर्जेंटीना एंडीज पर्वतमाला की चोटी अकोंकागुआ चोटी के पर्वतारोहण अभियान के लिए निकल रही हैं। अभियान में रवाना होने के पूर्व सुश्री याशी जैन को जिला प्रशासन की ओर से सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा व नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने तिरंगा ध्वज सौंप कर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें इस अभियान में सफलता की शुभकामनाएं दी।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने सुश्री याशी जैन से उनके अभियान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह दक्षिणी अमेरिका के पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटी है। जिसकी ऊंचाई 6961 मीटर है। वे 29 जनवरी को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। यह अभियान 18 से 20 दिनों का होगा। इसमें पूरी दुनिया से 10-12 लोग शामिल होने जा रहे है और भारत से उनके साथ 1 और पर्वतारोही इसमें शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी है। जो अर्जेंटीना में एंडीज पर्वतमाला का भाग है। इसके पूर्व वे किलीमंजारो चोटी को भी फतह कर चुकी हैं। उनका अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट की चढ़ाई का है। वे अप्रैल माह में अपना एवरेस्ट अभियान शुरू करेंगी।

## 'टोकन तुंहर हाथ' एप से टोकन लेकर पात्रतानुसार मात्रा में धान नहीं बेच पाने वाले किसान समिति से चौथा टोकन कटाकर बेच सकेंगे धान

**❑ दूरस्थ क्षेत्रों में लगाएं स्वास्थ्य शिविर-सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा**

**❑ साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित**

**रायगढ़।** समाधान शिविर में हेल्थ कैंप लगाए जा रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही जिले के दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में बसे गांवों में भी विशेष स्वास्थ्य शिविर नियमित रुप से लगाया जाना है। जिससे वहां निवासरत लोगों की रुटीन जांच होती रहे। उक्त निर्देश सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर से कहा कि इन गांवों में कैंप लगाए जाने के साथ वहां राजस्व और पंचायत विभाग से समन्वय कर स्थानीय स्तर की अन्य समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है।



सीईओ जिला पंचायत मिश्रा ने कृषि और उद्यानिकी विभाग को संयुक्त रूप से किसान मेला का आयोजन करने के निर्देश दिए। जिसमें किसानों को धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब्जी और उद्यानिकी फसलों की खेती की यहां अच्छी संभावना है। उन्होंने आदर्श ग्राम योजना के तहत वन अधिकार पत्र प्राप्त चिन्हांकित गांवों में शासन से प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ करेंगे। सीईओ जिला पंचायत मिश्रा ने धान खरीदी और उठाव की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिनके डीईओ जारी हो रहे हैं उन मिलर्स से धान का उठाव तेजी से करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी अब अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी खरीदी का कार्य सुचारू रुप से संपन्न करवाएं।

इस मौके पर आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पांडे उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के पदक विजेताओं को किया गया सम्मानित-** समय-सीमा की बैठक में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित किया गया तथा पुरस्कार दिए गए। इस अवसर सीईओ अबिनाश मिश्रा ने खिलाडिय़ों से कहा कि आपकी इस उपलब्धि से जिले का नाम प्रदेश पटल पर रोशन हुआ है, जिसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। इन विजेताओं में कई सीनियर एज ग्रुप के खिलाड़ी भी शामिल रहे। उन्हें विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए मिश्रा ने कहा कि इस उम्र् में आपका खेल के प्रति जज्बा काबिले तारीफ है इसका हम सभी का अनुशरण करना चाहिए। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने भी सभी विजयी खिलाडिय़ों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी सभी खिलाडिय़ों का अभिवादन कर उनकी हौसला आफजाई की।

**एप से टोकन लेकर पात्रतानुसार धान नहीं बेच पाने वाले किसान समिति से चौथा टोकन कटाकर बेच सकेंगे धान-** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों को टोकन प्रदाय करने 'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल एप की सुविधा मुहैय्या कराई गई है। खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि ऐसे किसान जिनके द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से जारी दूसरे और तीसरे टोकन में पात्रता अनुसार पूर्ण मात्रा का धान विक्रय नहीं किया जा सका है, उनके द्वारा विक्रय हेतु शेष मात्रा का धान समिति में ऑफलाईन चौथा टोकन कटाकर धान विक्रय किया जा सकता है।

## प्राथमिक स्कूल रामभांठा के बच्चों को रक्षा टीम ने दी 'गुड टच- बैड टच' की जानकारी



**रायगढ़।** महिला पुलिस रक्षा टीम द्वारा आज स्थानीय डॉ0 कैलाश नाथ काटजू बालक प्राथमिक शाला रामभांठा रायगढ़ स्कूल में जाकर बच्चों को गुड टच- बैड टच तथा विभिन्न लैंगिक अपराधों, यातायात नियमों तथा मोबाइल गेम के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दिया गया। रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा द्वारा बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी देते हुए ऐसी किसी घटना के होने पर अपने टीचर्स, पेरेंट्स को बिना डरे बताने कहा गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि कभी भी पुलिस सहायता के लिए डायल 112 और पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 94791-93299 पर कॉल कर सहायता ले सकतें हैं तथा गोपनीय तौर पर भी रक्षा टीम के सदस्यों से मिलकर अपनी समस्या बता सकतें है। रक्षा टीम प्रभारी द्वारा बच्चों को परीक्षा की तैयारी में लग जाने और ऑनलाइन मोबाइल गेम के दुष्प्रभाव के बारे में बताकर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया तथा उन्हें घर के मोबाइल पर "अभिव्यक्ति ऐप" डाउनलोड कर उससे भी पुलिस सहायता प्राप्त करने संबंधी जानकारी दिया गया है। इस दौरान बच्चों के साथ स्कूल के टीचर्स, महिला रक्षा टीम के स्टाफ मौजूद थे।

## कोसमपाली में पंच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रायगढ़।** संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, महापल्ली के निकटस्थ ग्राम-कोसमपाली में आज पांच दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिथिलेश नायक सरपंच ग्राम पंचायत विश्वनाथपाली, अध्यक्ष नवीन विश्वाल, गणमान्य नागरिक कोसमपाली, विशिष्ट अतिथि आनंद प्रधान लोइंग संपत पटेल महापल्ली, पांडव विश्वाल कोसमपाली, प्रेमानंद श्रीवास कोसमपाली द्वारा आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के पूजा अर्चना तथा उनके उद्बोधन के साथ किया गया। योग प्रशिक्षिका कुमारी वर्षा प्रधान एवं आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर महापल्ली के प्रभारी चिकित्सक, डॉ सुभाष चंद्र झा द्वारा पवनमुक्त आसन भाग-1, भाग 2 यथा भाग 3 खड़े होकर किए जाने वाले आसन यथा, ताड़ासन, वृक्षासन, कटिचक्र आसन, सूर्य नमस्कार, बैठ कर करने वाले आसन यथा, मंडूकासन, उष्ट्रासन, पश्चिमोत्तान आसन, पेट के बल लेटकर करने वाले आसन यथा मकर आसन, भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, पीठ के बल लेटकर करने वाले आसन यथा उत्तानपद आसन, चक्रपाद आसन, चक्रासन, सर्वांग आसन हलासन आदि के अभ्यास द्वारा रोगों के ईलाज की पद्धति बताते हुए विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ प्राणायाम के विषय में विस्तार से बतलाया गया। अंत में ध्यान, संकल्प तथा शांति पाठ के द्वारा प्रथम दिन के सत्र का समापन किया गया। प्रथम दिन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर योग शिक्षा का लाभ उठाया। शिविर स्थल पर ग्रामीणों को योगाभ्यास से संबंधित ब्रोशर एवं पंपलेट नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर के पहले ही दिन विभिन्न गांव के महिलाओं बच्चों सहित बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर योगासन का अभ्यास किया तथा प्रशिक्षण दिवसों में भली-भांति योग सीख कर जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, महापल्ली के कर्मचारी, सुश्री गंगा सिदार, विश्वबंधू सोनी एवं ग्रामीण प्रेमानंद, तुषार, मनोज विश्वाल का योगदान रहा।

## बांस की उपयोगिता एवं उद्यमिता विकास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ में पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन अतंर्गत बांस की रोपण तकनीक एवं उद्यमिता विकास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण 23 जनवरी 2023 को केन्द्र के प्रशिक्षण कक्ष में आायेजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बांस का क्षेत्र विस्तार, कृषकों को बांस की ब्यवसायिक खेती की ओर ले जाना, भूमिहीन लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराना तथा बांस की विदेशी निर्भरता को कम करना एवं लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के इस योजना से लाभान्वित विभिन्न विकास खण्ड तमनार, घरघोड़ा, खरसिया, रायगढ़ एवं पुसौर के लगभग 60-70 कृषक उपस्थित थे।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.ए.के.सिंह, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़, उद्यान विभाग से प्रतिनिधी हरीहर प्रसाद सिदार, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, वन विभाग से रजनी टोप्पो, वन अधिकारी, इंदिरा विहार, रायगढ़, एवं केन्द्र के प्रमुख डॉ. मनीषा चौधरी, रायगढ़ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा बांस के महत्व को बताते हुए व्यवसायिक रूप से अपनाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ.एन.सी.बंजारा वैज्ञानिक (उद्यानिकी) ने बांस की प्रवर्धन एवं रोपण तकनीक पर प्रशिक्षण दिया। डॉ.के.डी.द्वारा बांस के रख-रखाव एवं उसके संरक्षण पर प्रशिक्षण दिये। डॉ.के.के.पैंकरा द्वारा बांस की जीवकोपार्जन में महत्व विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्र के कीट वैज्ञानिक डॉ.सविता आदित्या द्वारा बांस में लगने वाले कीट एवं रोग प्रबंधन पर कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत कृषकों को नीलकमल पटेल, प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा केन्द्र में रोपित बांस की उन्नत किस्मों का प्रदर्शन का भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम में विभिन विकास खण्डों के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480